दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शुक्रवार 17 दिसंबर 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-04, अंक- 80

## पीएम ने प्राकृतिक खेती विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में किसानों को किया संबोधित



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्राकृतिक खेती विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में किसानों को संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नरेन्द्र सिंह तोमर, गुजरात के राज्यपाल, गुजरात और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री उपस्थित थे।

किसानों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब आज़ादी के 100वें वर्ष तक का जो हमारा सफर है, वो नई आवश्यकताओं, नई चुनौतियों के अनुसार अपनी खेती को ढालने का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 6-7 साल में बीज से लेकर बाज़ार तक, किसान की आय को बढ़ाने के लिए एक के बाद एक अनेक कदम उठाए गए हैं। मिट्टी की जांच से लेकर सैकड़ों नए बीज तक, पीएम किसान सम्मान निधि से लेकर लागत का डेढ़ गुणा एमएसपी तक, सिंचाई के सशक्त नेटवर्क से लेकर किसान रेल तक, अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने इस आयोजन से जुड़े सभी किसानों को बधाई दी।

हरित क्रांति में रसायनों और उर्वरकों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा ये सही है कि केमिकल और फर्टिलाइज़र ने हरित क्रांति में अहम रोल निभाया है। लेकिन ये भी उतना ही सच है कि हमें इसके विकल्पों पर भी साथ ही साथ काम करते रहना होगा। उन्होंने कीटनाशकों और आयातित उर्वरकों के खतरों के प्रति आगाह किया, जिससे इनपुट की लागत बढ़ जाती है और स्वास्थ्य को भी नुकसान होता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि खेती से जुड़ी समस्याओं के विकराल होने से पहले बड़े कदम उठाने का ये सही समय है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें अपनी खेती को कैमिस्ट्री की लैब से निकालकर प्रकृति की प्रयोगशाला से जोड़ना ही होगा। जब मैं प्रकृति की प्रयोगशाला की बात करता हूं तो ये पूरी तरह से विज्ञान आधारित ही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया जितना आधुनिक हो रही है, उतना ही 'बैक टू बेसिक'की ओर बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस बैक टू बेसिक का मतलब क्या है? इसका मतलब है अपनी जड़ों से जुड़ना! इस बात को आप सब किसान साथियों से बेहतर कौन समझता है? हम जितना जड़ों को सींचते हैं, उतना ही पौधे का विकास होता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि से जुड़े हमारे इस प्राचीन ज्ञान को हमें न सिर्फ फिर से सीखने की ज़रूरत है, बल्कि उसे आधुनिक समय के हिसाब से तराशने की भी ज़रूरत है। इस दिशा में हमें नए सिरे से शोध करने होंगे, प्राचीन ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक फ्रेम में ढालना होगा। प्रधानमंत्री ने प्राप्त किए गए ज्ञान के प्रति सतर्क रहने को कहा। उन्होंने कहा, जानकार ये बताते हैं कि खेत में आग लगाने से धरती अपनी उपजाऊ क्षमता खोती जाती है। हम देखते हैं कि जिस प्रकार मिट्टी को जब तपाया जाता है, तो वो ईंट का रूप ले लेती है। लेकिन फसल के अवशेषों को जलाने की हमारे यहां परंपरा सी पड़ गई है।उन्होंने कहा कि एक भ्रम ये भी पैदा हो गया है कि बिना केमिकल के फसल अच्छी नहीं होगी जबकि सच्चाई इसके बिलकुल उलट है। पहले केमिकल नहीं होते थे, लेकिन फसल अच्छी होती थी। मानवता के विकास का, इतिहास इसका साक्षी है। उन्होंने कहा, नई चीजें सीखने के साथ-साथ हमें उन गलत प्रथाओं को दूर करने की जरूरत है जो हमारी कृषि में आ गई हैं।

## सेना प्रमुख एम. एम. नरवणे ने संभाला चीफ ऑफ स्टाफ कमिटी के चेयरमैन का जिम्मा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने चीफ ऑफ स्टाफ कमिटी के चेयरमैन की जिम्मेदारी संभाल ली है। सीडीएस जनरल बिपिन रावत के हेलिकॉप्टर क्रैश आसमयिक निधन के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी मिलना अहम है। सीडीएस जनरल बिपिन रावत की मौत के बाद से ही पद खाली और फिलहाल चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति का इंतजार है। सीडीएस के पद का सृजन दो साल पहले हुआ था और उससे पहले चीफ ऑफ स्टाफ कमिटी का पद ही सबसे बड़ा था। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत की बीते सप्ताह बुधवार यानी 8 दिसंबर को हेलिकॉप्टर क्रैश में निधन हो गया था। इस हादसे में जनरल रावत के अलावा उनकी पत्नी मधुलिका रावत एवं 11 अन्य सैन्य अफसरों की भी मौत हो गई थी। यही नहीं इस हादसे के वक्त एकमात्र जीवित बचे ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह का भी बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने बेंगलुरु के सैन्य अस्पताल में अंतिम सांस ली। पूरे मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों के मुताबिक नरवणे को चीफ ऑफ स्टाफ कमिटी के चेयरमैन की जिम्मेदारी इसलिए मिली है क्योंकि वह मौजूदा तीनों सेनाओं के प्रमुखों में सबसे सीनियर अधिकारी हैं। आईएएफ के चीफ एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और नेवी चीफ एडमिरल आर हरि कुमार ने क्रमशः 30 सितंबर और 30 नवंबर को प्रभार संभाला था। मंगलवार को चीफ ऑफ स्टाफ कमिटी की मीटिंग हुई थी, जिसमें जनरल रावत एवं कुन्नूर हेलिकॉप्टर क्रैश मामले में जान गंवाने वाले सैन्य अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी गई थी।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### चंदौली में कार हादसे में तीन भाइयों समेत 4 की मौत

**चंदौली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में चंदौली जिले के बबुरी क्षेत्र में एक कार के अनियंत्रित होकर नहर में गिरने से उसमे सवार चार युवकों की मृत्यु हो गई जिनमें तीन सगे भाई थे । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार , पुलिस गश्ती दल को बीती देर रात भुड़कुड़ा गांव के पास सड़क किनारे नहर में एक कार डूबी दिखाई दी। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए कार का शीशा और गेट तोड़कर युवकों को निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होने बताया कि मृतकों की पहचान मिर्जापुर जिले के जमालपुर क्षेत्र में शेरवा गांव निवासी सुक्खू यादव, बलिराम प्रजापति, गंगा सागर और विद्यापति प्रजापति के तौर पर की गयी है। अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी मुखर्जी ने बताया कि मिर्जापुर जिला निवासी चारों युवक कार से चंदौली की ओर आ रहे थे कि थाना क्षेत्र के भुड़कुड़ा गांव के पास उनकी कार असंतुलित होकर नहर में गिर गई। पानी में डूबने से चारों की मृत्यु हो गई। मृतक के परिजनो के अनुसार बुधवार को इंद्रदेव के तीन पुत्र गंगासागर, विद्यासागर, बलराम अपने साथी सुक्खू यादव पुत्र जयमूरत यादव के साथ भाभी को छोड़ने के लिए रेवसा गांव कार से गए थे। भाभी को उनके मायके छोड़कर सभी रात 11 बजे कार से वापस लौट रहे थे। भुड़कुड़ा गांव के पास कार अनियंत्रित होकर पानी में चली गई।

### झुंझुनूं जिले में बस पलटने से दो यात्रियों की मौत, करीब तीस यात्री हुए घायल

**झुंझुनूं (आरएनएस)।** राजस्थान में झुंझुनूं जिले के सिंघाना थाना इलाके के भैसावता गांव के पास एक बस के पलट जाने से दो यात्रियों की मौत हो गई जबकि करीब 30 यात्री घायल हो गए। सिंघाना थानाधिकारी भजनाराम ने कहा कि बीती देर रात लगभग ढाई बजे सूरतगढ़ से कानपुर जाने वाली विजय बस सर्विस की बस भैसावता गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसमें सवार एक बच्चे एवं एक महिला की मृत्यु हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन इससे पहले ही ग्रामीणों ने बस के शीशे तोड़कर घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाना शुरू कर दिया। पुलिस ने भी घायलों को सिंघाना के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां गंभीर रूप से घायल दस लोगों को झुंझुनूं भेज दिया गया।

### पीएम आज अखिल भारतीय मेयर सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 दिसंबर,2021 को सुबह 10:30 बजे शहरी विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा वाराणसी में आयोजित अखिल भारतीय मेयर सम्मेलन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन करेंगे और इसे संबोधित करेंगे। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के मेयर भाग लेंगे। सम्मेलन का विषयहै- नया शहरी भारत। प्रधानमंत्री का निरंतर प्रयास रहा है कि लोगों के लिए शहरी क्षेत्रों में रहने में आसानी सुनिश्चित हो सके। सरकार द्वारा पुराने व कमजोर शहरी बुनियादी ढांचे और सुविधाओं की कमी के मुद्दों को हल करने के लिए विभिन्न योजनाओं और पहलों की शुरूआत की गयी है। इन प्रयासों के तहत उत्तर प्रदेश राज्य पर विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य में विशेष रूप से पिछले पांच वर्षों में शहरी परिदृश्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं और इस क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है। शहरी विकास के क्षेत्र में भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जा रही है, जो 17 से 19 दिसंबर तक चलेगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री भी उपस्थित रहेंगे।

## नेशनल शूटिंग चैंपियन कोनिका लायक ने की आत्महत्या

**धनबाद (आरएनएस)।** धनबाद की रहने वाली नेशनल शूटिंग चैंपियन कोनिका लायक की लाश कोलकाता स्थित उसके हॉस्टल के फ्लैट में फंदे में लटकी मिली है। पिछले तीन महीने से कोलकाता में रह कर कोनिका राइफल शूटिंग की ट्रेनिंग ले रही थी। बेटी की मौत की खबर सुन कर धनबाद के धनसार में रहने वाला परिवार कोलकाता पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह हॉस्टल में रहने वाली लड़कियों ने इसकी सूचना धनबाद स्थित कोनिका के घरवालों को दी। वहीं स्थानीय बाली थाना की टीम ने पहुंच कर लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। देर शाम धनसार से कोनिका के माता-पिता कोलकाता पहुंच चुके थे। घटना के बाद से ही कोनिका के घरवाले का रो-रोकर बुरा हाल है। देर रात बाली थाना में ही कोनिका के परिजन रुके हुए हैं। बुधवार की सुबह ही कोनिका के हॉस्टल से परिजनों को फोन आया कि आपकी बेटी की तबीयत खराब है, आप लोग जल्दी पहुंचें। सूचना मिलते ही पूरा परिवार सुबह-सुबह ही कोलकाता के लिए रवाना हो गया था। पिछले तीन माह से वह कोलकाता स्थित जयदीप कर्माकर शूटिंग अकादमी में ट्रेनिंग ले रही थी। अकादमी के हेड कोच मनोजित ने बताया कि कोनिका बहुत ही मेहनती लड़की थी। उसने तीन माह में ही बहुत कुछ सीखा था, लेकिन वह तीन-चार दिनों से अकादमी नहीं आ रही थी। ऐसा कदम उसने क्यों उठाया यह समझ से परे है।

## विपक्ष और सत्तापक्ष अड़ा, राज्यसभा दिन भर के लिए स्थगित




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राज्यसभा में विपक्ष और सत्ता पक्ष के अपने अपने रुख पर अड़े रहने के कारण आज भी कोई कामकाज नहीं हो सका और भोजन अवकाश के बाद कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। भोजन अवकाश के बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो उपसभापति हरिवंश ने ओमिक्रॉन पर चर्चा शुरू करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के सैयद जफर इस्लाम का नाम पुकारा। इसी बीच राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता आनंद शर्मा और वरिष्ठ सदस्य श्री जयराम रमेश ने कुछ कहना चाहा। उनके साथ ही कांग्रेस, आम आदमी पार्टी , राष्ट्रीय जनता दल, द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य अपनी जगहों से खड़े होकर आसन की तरफ बढ़ने लगे।

हरिवंश ने कहा कि ओमिक्रॉन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा का अनुरोध विपक्ष ने ही किया था और उसके बाद यह चर्चा शुरू हुई थी लेकिन अब विपक्ष ही इस पर बहस नहीं होने दे रहा। यह बहुत गंभीर विषय है। उन्होंने सदस्यों से अपनी जगहों पर लौटने की बार अपील की। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्य अन्य सदस्यों के अधिकारों का अतिक्रमण ना करें और इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा होने दे। विपक्षी सद्स्यों पर उनकी अपील का असर नहीं हुआ और वे आसन के निकट आकर कुछ कहने लगे। इसी बीच उन्होंने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले भी सुबह जब कार्यवाही शुरू हुई और सभापति ने शून्यकाल शुरू करने का प्रयास किया तो सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे खड़े हो गये और विपक्ष के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन की ओर बढ़ने लगे। स्थिति को देखते हुए सभापति ने 12 मिनट के भीतर सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी। विपक्ष और सत्तापक्ष के अपने-अपने रुख पर अड़े रहने के कारण पिछले दो दिनों में सदन में कोई कामकाज नहीं हो सका है।

## सिंधिया ने गुवाहाटी-पुणे के बीच पहली सीधी उड़ान सेवा का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पूर्वी भारत को देश के बाकी हिस्से से जोड़ने के प्रयास के तहत केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया तथा नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह (अवकाश प्राप्त) ने असम के गुवाहाटी से महाराष्ट्र के पुणे मार्ग पर इंडिगो एयरलाइंस की पहली सीधी उड़ान को झंडी दिखाकर कल रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में असम सरकार के परिवहन, उद्योग एवं वाणिज्य, कुशलता विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री चंद्रमोहन पटवारी, लोकसभा सदस्य श्रीमती क्वीन ओजा और राज्यसभा सदस्य भुवनेश्वर कालिता गुवाहाटी से तथा लोकसभा सदस्य गिरीश बालचंद्र बापट पुणे से वर्चुअल तौर पर उपस्थित रहे।

उड़ान की शुरुआत करते हुए सिंधिया ने कहा, मैं इस महत्वपूर्ण अवसर पर पूर्वोत्तर भारत के सबसे बड़े शहर गुवाहाटी में अपनी मौजूदगी को लेकर बहुत आनंदित हूं, जोकि पूर्वोत्तर का गेटवे भी कहलाता है। गुवाहाटी का महत्व सिर्फ पूर्वोत्तर भारत तक, भारत तक या पूरे विश्व तक ही सीमित नहीं है, बल्कि गुवाहाटी शहर का जिक्र हमारे प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है। आज के समय में गुवाहाटी मंदिरों का शहर कहलाता है, जहां कामाख्या मंदिर, नवग्रह मंदिर, उमानंद मंदिर और ऐसे ही कई और मंदिर हैं। इसके साथ ही यह शहर देश का सबसे बड़ा चाय बाजार है। मुझे यह बताते हुए बहुत हर्ष हो रहा है कि देश का 55 प्रतिशत चाय निर्यात अकेले गुवाहाटी से होता है। इसके अलावा गुवाहाटी में बहुत से तेल शोधक कारखाने और आईआईटी, टिस जैसे कई शिक्षण संस्थान भी हैं।

मंत्री ने कहा, गुवाहाटी 885 उड़ानों के साथ देश के 24 शहरों से जुड़ा हुआ है। हम गुवाहाटी हवाई अड्डे की एक व्यापक विस्तार एवं उन्नयन योजना लागू कर रहे हैं, जिसके जरिए इसके टर्मिनल की यात्री क्षमता को प्रतिवर्ष 50 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ 20 लाख किया जाएगा और यह कार्य असम तथा गुवाहाटी में उपलब्ध अवसरों को देखते हुए किया जाएगा। इस परियोजना पर 1,232 करोड़ रुपए का खर्च आएगा, जिसे केंद्र सरकार वहन करेगी। इस मार्ग पर उड़ान परिचालन शुरू होने से गुवाहाटी और उसके आसपास रहने वाले लोगों को और साथ ही पुणे से यहां आने वाले यात्रियों को दोनों शहरों के बीच अबाधित आवागमन की सुविधा मिलेगी। अभी तक सीधी उड़ान सेवा नहीं होने की वजह से लोगों को सड़क या रेल मार्ग से 45 घंटे से अधिक का सफर तय करना पड़ता था। अब इन लोगों को दोनों शहरों के बीच नई उडान सेवा शुरू होने से सिर्फ 3 घंटे 15 मिनट का सफर तय करना होगा। पुणे और गुवाहाटी के बीच इस नई उड़ान सेवा शुरू होने के बाद लोगों को हवाई संपर्क के बहुत से विकल्प मिलेंगे और इससे क्षेत्र के व्यापार, वाणिज्य और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और इन दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

## भारत और वियतनाम ने डिजिटल मीडिया में साझेदारी के लिये प्रतिबद्धता-पत्र पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज वियतनाम के सूचना एवं संचार मंत्री गुयेन मान हंग के साथ एक प्रतिबद्धता-पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किये। इसके तहत दोनों देशों के बीच डिजिटल मीडिया के क्षेत्रों में सहयोग किया जायेगा तथा भारत और वियतनाम के बीच साझेदारी को मजबूत बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

एलओआई में प्रावधान किया गया है कि डिजिटल मीडिया तथा सोशल नेटवर्क के सम्बंध में नियामक ढांचा तथा नीतियां तैयार करने में सूचना और अनुभवों को साझा किया जायेगा। इसके अलावा दोनों देशों के मीडिया प्रोफेशनलों के क्षमता निर्माण तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जायेंगे।

भारत और वियतनाम के प्रगाढ़ सम्बंधों की झलक ठाकुर के आवास पर दोनों मंत्रियों के बीच होने वाली चर्चा में नजर आई। अनुराग ठाकुर ने जोर देकर कहा कि माननीय राष्ट्रपति और भारत के माननीय प्रधानमंत्री की वियतनाम की हाल की यात्राओं से दोनों देशों के बीच सम्बंध और प्रगाढ़ हुये हैं। आज की बैठक से नई प्रौद्योगिकियों औरइंफोडेमिक जैसी चुनौतियों वाले क्षेत्रों के मद्देनजर द्विपक्षीय सहयोग को आकार मिलेगा, जिनसे कोविड-19 के दौरान सभी देश जूझते रहे हैं।

## कश्मीर में जम गई डल झील, अगले दो दिनों में शीतलहर की चपेट में आएगा उत्तर भारत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि 18 से 20 दिसंबर के बीच पंजाब, हरियाणा, उत्तरी राजस्थान और चंडीगढ़ में शीतलहर की स्थिति बनने की संभावना है। अगले तीन दिनों तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश या हिमपात की भी संभावना है। मौसम विभाग ने कहा, ऐसा इसलिए होगा क्योंकि एक पश्चिमी विक्षोभ एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जा रहा है जो जम्मू और पड़ोस के ऊपर बन रहा है। एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और पड़ोसी क्षेत्रों में बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन दिनों के दौरान जम्मू, कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर और 16-17 दिसंबर को उत्तराखंड में हल्की से मध्यम वर्षा या बर्फबारी होने की संभावना है। 16 दिसंबर को पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में अलग-अलग स्थानों पर भी हल्की बारिश की संभावना है।

राष्ट्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने कहास हम 16 और 17 दिसंबर को उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में हल्की और छिटपुट बारिश की उम्मीद कर रहे हैं। 17 दिसंबर के बाद तापमान में गिरावट की संभावना है। आज तक केवल पंजाब में घने कोहरे की उम्मीद है, लेकिन हम दिल्ली में भी कोहरे के विकास की निगरानी कर रहे हैं।

**शीतलहर की संभावन-** मैदानी इलाकों में जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम होता है और लगातार दो दिनों तक सामान्य से 4.5 डिग्री कम होता है तो शीतलहर आती है। आईएमडी के अनुसार, तमिलनाडु-पुडुचेरी-कराइकल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग या छिटपुट स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अगले पांच दिनों के दौरान केरल-माहे में अलग-अलग जगहों पर वर्षा होने की संभावना है। इस अवधि के दौरान देश के शेष हिस्सों में शुष्क मौसम की संभावना है। उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है।

**कश्मीर में तापमान में गिरावट, जम गयी डल झील-** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कश्मीर घाटी में बुधवार को मौसम काफी ठंड भरा रहा, यहां तापमान शून्य से 3.9 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। जिस वजह से वश्वि प्रसिद्ध डल झील के बीच का हिस्सा जम गया। घाटी में आसमान साफ रहने और रात के तापमान में गिरावट आने से छोटे जलाशयों और नालों सहित डल झील के बीच के हिस्से जम गए हैं। इस दौरान यहां पर नाविक अपने शिकारा नाव को आगे ले जाने के लिए बर्फ हटाते दिखे। यहां घूमने आये पर्यटक अपने हाथों में बर्फ लेकर आनंद लेते नजर आये।

मौसम विभाग ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आने वाले दिनों में रात का तापमान दो से चार डिग्री से नीचे रह सकता है। फिलहाल, यहां का मौसम 23 दिसंबर तक शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग ने कहा कि कश्मीर घाटी और लद्दाख में क्रिसमस डे के दिन 60 प्रतिशत तक बर्फबारी होने की संभावना है।